टैलेंट. आइआइएम रांची का वार्षिक सांस्कृतिक व खेलकूद महोत्सव

'रश 5.0' में स्टूडेंट्स का जोश

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

आइआइएम रांची के वार्षिक सांस्कृतिक व खेलकूद महोत्सव 'रश 5.0' की शुरुआत शनिवार को हुई. उदघाटन संस्थान के निदेशक डॉ शैलेंद्र सिंह ने किया. उन्होंने कहा कि आइआइएम रांची समय के साथ अपनी जिम्मेदारी का हर संभव निर्वाह कर रहा है. यह न केवल विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद है, बल्कि दूसरों के लिए भी प्रेरणादायक है. महोत्सव के पहले दिन सोलो इंस्ट्रूमेंट, सोलो, डूएट सिंगिंग, ग्रुप डांस, वॉर ऑफ बैंड्स जैसे इवेंट हुए. विद्यार्थियों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता भी हुई. इसमें वॉलीबॉल, फुटबॉल, चेस, कैरम, एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, बैडमिंटन में प्रतिभा दिखायी.

रेडियोएक्टिव रिसर्जेंस थीम पर मन रहा फेस्ट : रश 5.0 का थीम 'रेडियोएक्टिव रिसर्जेंस' है. इसमें आइआइएम रांची के अलावा एमडीआइ मुर्शिदाबाद, बीआइटी सिंदरी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड, एक्सआइएसएस, रिम्स, संत जेवियर्स कॉलेज समेत अन्य कॉलेजों के 500 से अधिक प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं.

अब तो आदत सी है मुझको : दिनभर चले फेस्ट में मनोरंजन का सिलसिला शाम चार बजे से शुरू हुआ. विद्यार्थियों के बीच वॉर ऑफ बैंड्स प्रतियोगिता की शुरुआत हुई. विभिन्न बैंड के सदस्यों ने बॉलीवुड और हॉलीवुड के रॉक, मेटल और फ्यूजन गानों से सबका जमकर मनोरंजन किया. बैंड के सदस्यों ने अब तो आदत है मुझको..., माही आजा रे माही आजा रे..., न आये हो न आवोगे... जैसे गीतों के अलावा कई हॉलीवुड गानों की प्रस्तुति दी. वॉर ऑफ बैंड प्रतियोगिता में आइआइएम रांची की बैंड टीम के अलावा बीआइटी मेसरा, एमडीआइ, क्रायोस्लिप ने भी विद्यार्थियों को देर शाम तक झूमने पर विवश कर दिया. इसके अलावा ग्रुप डांस इवेंट सुपरनोवा में लगभग 10 टीमों ने वेस्टर्न, हीप-हॉप, क्लासिकल फ्यूजन, लिरिकल हिपहॉप, ब्रेक डांस और फ्रीस्टाइल डांसिंग से सबका मनोरंजन किया.

विद्यार्थियों के बीच वॉर ऑफ बैंड्स प्रतियोगिता हुई, जिसमें कई संस्थानों ने हिस्सा लिया.

अंडरग्राउंड ऑथोरिटी के ईपीआर का सबको इंतजार : फेस्ट रविवार को भी जारी रहेगी. इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं जारी रहेगी. वहीं विद्यार्थियों को कोलकाता के बैंड अंडरग्राउंड ऑथोरिटी के परफॉरमेंस का बेसबरी से इंतजार है. लाइव बैंड परफॉरमेंस मेगा स्पोर्टस कांप्लेक्स में शाम सात बजे से शुरू होगा. इसके अलावा दिन भर स्ट्रीट प्ले, सोलो डांस, डूएट डांस, वॉक विथ ग्रेस - फैशन शो समेत अन्य खेल प्रतियोगिताएं जारी रहेगी.

Prabhat Khabar. 02.02.2020. Pg. 03 (supl.)